दिन–शुक्रवार दिनांक– 07 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी नौ जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पद और गोपनीयता की दिलायेंगी शपथ।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर घटक दलों के प्रति आभार जताया। कहा–एनडीए भारत की असली आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है।

03. लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। जदयू ने संसदीय दल के नेता के चयन के लिए पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार को अधिकृत किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में गया, नवादा, जहानाबाद और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में लू की चेतावनी जारी की।

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी रविवार, नौ जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, श्री नरेन्द्र मोदी और नये मंत्रिमण्डल को शपथ दिलायेंगी। श्री मोदी ने एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन जाकर मुलाकात की। राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का औपचारिक आमंत्रण दिया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी ने कहा दस साल सरकार चलाने का अनुभव इसबार सरकार चलाने मे काफी मददगार होगा।

———बाईट———

————————————————————————————

इससे पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। एनडीए के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति को घटक दलों का समर्थन पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे।

————————————————————————

इससे पूर्व एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एनडीए का नेता चुना गया। श्री मोदी ने संसदीय दल का नेता चुने जाने पर घटक दलों के प्रति आभार जताया। उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनडीए भारत की असली आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि एनडीए का मतलब न्यू, डेवलप और एस्पिरेशनल इंडिया है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में लोगों से किए गए सभी वायदों को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार एक निश्चित रोड मैप के तहत तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करेगी।

———बाईट———

श्री मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये सभी दल पहले धीरे–धीरे डूब रहे थे और अब तेजी के साथ गर्त में जायेंगे।

———बाईट———

————————————————————————

एनडीए संसदीय दल की बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया। श्री सिंह के प्रस्ताव का केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी घटक दलों ने समर्थन किया। श्री मोदी के नाम का प्रस्ताव करते हुए श्री सिंह ने कहा कि वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन कोई मजबूरी नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है।

———बाईट———

जहां तक मेरी जानकारी है लोकतांत्रिक देशों में पूरे विश्व में तीसरी बार यह अवसर किसी को प्राप्त हो रहा है तो हमारी एनडीए को यह अवसर प्राप्त हो रहा है और साथियों हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि मोदी जी जैसा एक जन कल्याणकारी और संवेदनशील प्रधानमंत्री हम लोगों को मिलने जा रहा है।

प्रस्ताव का समर्थन करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सिर्फ एनडीए नेताओं की नहीं बल्कि इस देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की इच्छा है।

———बाईट———

टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण पहल की है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि अब हम सभी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे।

———बाईट———

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने श्री मोदी के नाम समर्थन करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में जो काम पूरा नहीं हो सका वो अगले पाँच वर्षों में पूरा होगा।

———बाईट———

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन करते हुए कहा कि देश उनके नेतृत्व में और आगे बढेगा।

———बाईट———

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। नई दिल्ली में पार्टी सांसदों की हुई बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुना गया। इधर, जदयू संसदीय दल की बैठक में सांसदों ने पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार को संसदीय दल का नेता चुनने के लिए अधिकृत किया।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के दक्षिणी भागों में शुष्क पछुआ हवा और आर्द्रता में बढ़ोतरी होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम

विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। साथ ही गया, नवादा, जहानाबाद और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में लू चलने की भी आशंका है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य को उत्तर–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

————————————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों को बीस मिनट का अल्पाहार अवकाश देने का फैसला किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सन्नी सिन्हा ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र निर्गत कर दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य हेतु निर्धारित अवधि में परिवर्तन के बिना अपने स्तर से अल्पाहार अवकाश की अवधि तय करेंगे।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में गंडक नदी के अलग–अलग घाटों पर डूबने से चार बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में तीन लड़कियां शामिल हैं।

————————————————————————

औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने हत्या के लगभग चार वर्ष पुराने मामले से सोलह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने सभी पर अर्थदंड भी लगाया है।

————————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के ठेकपुरा गांव में पुलिस ने एक वाहन से एक सौ इकहत्तर लीटर शराब बरामद की है।

————————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने आज ऑपरेशन मुस्कान के तहत चोरी और खोये हुए तिरेपन मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल धारकों को सौंप दिया।

———————————————————————

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी नौ जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पद और गोपनीयता की दिलायेंगी शपथ।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर घटक दलों के प्रति आभार जताया। कहा—एनडीए भारत की असली आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है।

03. लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। जदयू ने संसदीय दल के नेता के चयन के लिए पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार को अधिकृत किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में गया, नवादा, जहानाबाद और शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम हिस्सों में लू की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

समाप्त हुआ।